## PGT HINDI

1. Who launched the 90-day campaign 'Azadi Se Antyodaya Tak'?

(A) Amit Shah

(B) Piyush Goyal

(C) Kiren Rijiju

(D) Giriraj Singh

Correct Answer: (D)

2. Which country signed agreements on training staff and IT cooperation to deepen railway cooperation In Sep 2022?

(A) Russia-India

(B) Ukraine-Turkey

(C) India-Bangladesh

(D) America-India

Correct Answer: (C)

3. The “Donbas War” is currently being fought in

(A) Serbia

(B) Ukraine

(C) Syria

(D) Lebanon

Correct Answer: (B)

4. Pedagogy is the study of

(A) education

(B) learning process

(C) teaching methods

(D) guiding students

Correct Answer: (C)

5. Dyslexia is associated with

(A) mental disorder

(B) mathematical disorder

(C) reading disorder

(D) behavioural disorder

Correct Answer: (C)

6. Which government organizations will develop guidelines for the education of gifted children?

(A) NCERT and NCFCS

(B) NCERT and NCTE

(C) NCERT and NTA

(D) NCERT and SCERT

Correct Answer: (B)

7. ईमानदारी सबसे अच्छी नीति है, सत्य है।

वाक्य के आधार पर निम्नलिखित में अशुद्ध कथन को पहचानिए

1. यह एक सरल वाक्य है।
2. यह एक मिश्रित वाक्य है।
3. इसमें एक प्रधान(मुख्य) उपवाक्य और एक आश्रित उपवाक्य है।
4. यह एक संयुक्त वाक्य है।

(A) 1 और 4

(B) 2 और 3

(C) 3 और 4

(D) 1,3 और4

Correct Answer: (A)

8. समाचार की कौन सी विशेषता अनिवार्य नहीं है?

1. समाचार उल्टा पिरामिड शैली में लिखा जाता है।
2. समाचार सिर्फ और सिर्फ घटना की जानकारी देता है ।
3. समाचार रोचक और मनोरंजक शैली में लिखा जाता है।
4. समाचार -लेखन आकर्षक तरीके से लिखा जाता है।

(A) 1

(B) 2

(C) 1 और 2

(D) 3 और 4

Correct Answer: (D)

9. निम्नलिखित पंक्तियों का शब्द शक्ति का उपयोग करते हुए कौन-सा अर्थ ग्रहण किया जाएगा?

<u>विद्युत् की इस चकाचौंध में</u>

<u>देख दीप की लौ रोती है।</u>

अरी हृदय को थाम

महल के लिए झोंपड़ी बलि होती है।

(A) मुख्यार्थ
(B) लक्ष्यार्थ
(C) व्यंग्यार्थ
(D) सभी

Correct Answer: (B)

10. “अबला जीवन हाय, तुम्हारी यही कहानी

आँचल में है दूध और आँखों में पानी ।”

- काव्य-पंक्ति किस रचनाकार की है?

(A) जयशंकर प्रसाद

(B) श्रीधर पाठक

(C) अयोध्या सिंह उपाध्याय ‘हरिऔध’

(D) मैथिलीशरण गुप्त

Correct Answer: (D)

11. ‘महात्मा गाँधी ने इन दोनों की कठिन और अद्भुत साधना की थी ।’

उपर्युक्त वाक्य किस प्रकार का है ?

(A) सरल वाक्य

(B) संयुक्त वाक्य

(C) मिश्र वाक्य

(D) मुख्य वाक्य

Correct Answer: (A)

12. सुमेलित कीजिए -

| सूची - I (काव्य-पंक्ति) | सूची - II (कवि) |
|---|---|
| a. मानुस प्रेम भयऊ बैकुंठी | i. उसमान |
| b. प्रभुजी तुम चन्दन हम पानी | ii. रैदास |
| c. पहले प्रीत गुरु से कीजै | iii. जायसी |
| d. मैं हूँ कुत्ता राम का मोतिया मेरा नाम | iv. कबीर |

| कूट : | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (A) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (B) | 3 | 4 | 1 | 2 |
| (C) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (D) | 3 | 2 | 1 | 4 |

Correct Answer: (D)

13. निम्नलिखित में समास विग्रह, समस्त पद और समास का नाम दिया गया है। अशुद्ध को पहचानिए-

(A)नीला कमल ---------नीलकमल------------------ कर्मधारय समास
(B)दश आनन -----------दशानन ---------------------कर्मधारय समास
(C)दश आनन-------------दश आनन हैं जिसके वह -बहुव्रीहि समास
(D)माता और पिता -------माता-पिता ----------------- तत्पुरुष समास

Correct Answer: (D)

14."आँगन में ठुनक रहा है ज़िदयाया है

बालक तो हई चाँद पै ललचाया है "

-पंक्ति से किस रस की पुष्टि होती है?

(A) हास्य रस

(B) शृंगार रस

(C) वात्सल्य रस

(D) करुण रस

Correct Answer: (C)

15. यदि सत्कर्म करोगे तो स्वर्ग जाओगे, अन्यथा ________ जाओगे।

रिक्त स्थान की पूर्ति विलोम शब्द से कीजिए।

(A)नर्क

(B)नरक

(C)पितरलोक

(D)रसातल

Correct Answer: (B)

16. .कुबेर - लक्ष्मी का कौन सा शुद्ध पर्यायवाची युगल है?

(A) यक्षेश - पार्वती

(B) गजपति - महालक्ष्मी

(C) वैश्रवण -चंचला

(D) कमला -पद्मा

Correct Answer: (C)

17. निम्नलिखित में किस समूह में सभी समकालीन कवि हैं?

(A) मुक्तिबोध, त्रिलोचन, केदारनाथ अग्रवाल, रामकुमार वर्मा

(B) शमशेर बहादुर सिंह, कुमारेंद्र, आलोक धन्वा, हरिवंशलाल बच्चन

(C) श्रीराम तिवारी, सुमित्रानंदन पंत, धूमिल, शलभ श्रीराम सिंह,

(D) निर्मल वर्मा, आनंद प्रकाश, चंचल चौहान, शशि प्रकाश

Correct Answer: (D)

18. निम्नलिखित पंक्तियों को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए

बहु विधि खलु सीतहिं समुझावा। साम-दाम-भय-भेद दिखावा।

कह रावनु सुनु सुमुखि सयानी। मंदोदरी आदि सब रानी।

तब अनुचरी करौं पन मोरा। एक बार बिलोकु मम ओरा।

तृन धरि ओट कहति वैदेही। सुमिरि अवधपति परम सनेही।

इन पंक्तियों में पहले किसने किसको सम्बोधित किया ?

(A) सीता ने रावण को
(B) रावण ने मंदोदरी को
(C) रावण ने सीता को
(D) हनुमान ने रावण को

Correct Answer: (C)

निर्देश: निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

केवल कोरे कागज़ रँगना

कविता कैसे हो सकती है?

जहाँ कहीं खूँखार अँधेरा

सूरज वहाँ उगाना है

कौर छिन रहा जिनके मुँह से

उनको कौर दिलाना है

शंखनाद को सुन-सुन करके
जनता कैसे सो सकती है?
पल-पल बदल रही दुनिया की
धड़कन सुनना बहुत जरूरी
उग्रवाद बाजारवाद की
चालें गुनना बहुत जरूरी
बम-बारूद बिछी घर-आँगन
सुविधा कैसे हो सकती है?
छीज रही शब्दों की वीणा
फटे बाँस की मुरली जैसी
जड़ जमीन से उखड़ी भाषा
पकी-अधपकी खिचड़ी जैसी
भानुमती का कुनबा हो तो
गीत गजल क्या हो सकती है?

19. 'केवल कोरे कागज़ रँगने'से कवि का क्या अभिप्राय है?

(A) कविता की सृजनात्मकता से

(B) कविता में अपनी भावनाओं के रंग भरने से है

(C) निरर्थक कविता के सृजन से

(D) कोरे कागज़ पर शब्दचित्र खींचने से

Correct Answer: (C)

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिये:

कवि के संबन्ध में यह कथन अक्षरश: सत्य प्रतीत होता है कि कवि प्रकृति का पुरोहित होता है। जिस प्रकार पुरोहित अपने यजमान के समस्त कुलाचारों एवं रीति-परम्पराओं से अभिज्ञ होता है, उसी प्रकार कवि को प्रकृति के समस्त रहस्यों एवं क्रिया-प्रतिक्रियाओं का मर्मज्ञ होना चाहिए। इसके बिना कवि को 'कवि' की संज्ञा से विभूषित करना भी उचित प्रतीत नहीं होता। कवि ही अपनी सूक्ष्म निरीक्षण-शक्ति द्वारा प्रकृति के प्रांगण में ऐसे तथ्यों एवं पदार्थों को देख लेता है, जहाँ सामान्य व्यक्तियों की दृष्टि नहीं जाती और यदि जाती भी है तो तत्व तक नहीं पहुँचती। तह तक पहुँचे बिना कोई ऐसी बात नहीं निकलती, जो साधारण होने पर भी असाधारण हो, लौकिक होने पर भी अलौकिक आनंदोत्पादक हो, सबकी देखी होने पर भी नवीन चमत्कार दिखाने वाली हो, प्रकृति के गुप्त एवं मुक्त रहस्यों को सर्वसाधारण के दृष्टिपथ में लाना कवि का काम है। अज्ञेय की मीमांसा करते रहना, आकाश-कुसुमों की सृष्टि करना या आकाश के तारे तोड़ना कवि का काम नहीं है। यह दार्शनिक का काम है, कवि का काम इससे भी गहन है। व्याकरण एवं पिंगल के नियमानुसार वर्णो की नपी-तुली पद्य-रचना का नाम भी कवित्व नहीं है, जैसा कि प्राय: समझा जाता है। सूक्ष्म दृष्टि से प्रकृति-पर्यवेक्षण की असाधारण शक्ति के साथ-साथ कवि के पास जीवनानुभवों का अक्षय कोष होना चाहिय तथा उसे विविध कलाओं एवं शास्त्रों का भी ज्ञाता होना चाहिए।

20. आकाश-कुसुमों की सृष्टि करना से आशय है-

(A) व्यर्थ की कल्पनाएँ करना

(B) आसमान में फूल खिलाना

(C) असंभव को संभव करना

(D) सबसे अलग तरह से सोचना

Correct Answer: (C)